

## राज्यपाल के हाथों सम्मानित हुई सेंधवा की बेटी 2017 में मिला था गोल्ड मेडल



**सेंधवा।** शहर की बेटी डॉ प्रियंका मांडे ने दूसरी बार राज्यपाल के हाथों सम्मान प्राप्त कर शहर को गौरवान्वित किया। उन्हें दूसरी बार हिंदी बाल साहित्य में बाल मनोवेगों का चित्रण एक अध्ययन विषय पर शोध करने के लिए पीएचडी की डिग्री देकर सम्मानित किया गया। यह शोध उन्होंने वर्ष 2023 में डॉ मनजीत कौर अरोरा के मार्गदर्शन में की थी। दरअसल मंगलवार को देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर में वर्ष 2023-24 और वर्ष 2024-25 का दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मप्र के राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने शोधार्थी व मेधावी विद्यार्थियों को डिग्री व गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया। बता दे कि डॉ प्रियंका मांडे शुरुआत से शहर की मेधावी छात्रा रही है। उन्होंने एमए हिंदी साहित्य विषय में विवि की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। वर्ष 2017 में तत्कालीन राज्यपाल आनंदी बहन पटेल ने उन्हें गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया। डॉ प्रियंका को पीएचडी की उपाधि मिलने पर पिता सुरेश मांडे सहित सेंधवा पीजी कॉलेज के प्राध्यापकों ने हर्ष व्यक्त किया।

## एक दिवसीय उद्योग प्रोत्साहन कार्यशाला का आयोजन

### सांसद पटेल ने कहा उद्योग और रोजगार सृजन के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध

**बड़वानी, ( नवभारत )।** जिले को औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित करने और स्थानीय युवाओं को उद्यमिता से जोड़ने के उद्देश्य से औद्योगिक क्षेत्र रेल्वाखुर्द में एक दिवसीय उद्योग प्रोत्साहन कार्यशाला का सफल आयोजन किया। कार्यशाला जिला प्रशासन एवं मप्र औद्योगिक विकास निगम द्वारा आयोजित की गई। मुख्य अतिथि सांसद गजेन्द्र सिंह पटेल, कलेक्टर जयति सिंह, सीआईआई मालवा जोनल काउंसिल के चेयरमैन पंकज गोयल, मुख्य महाप्रबंधक एमपीआईडीसी राजेश भंवर, महाप्रबंधक उद्योग कैलाश माल सहित अन्य उपस्थित रहे।




निवेश निर्यात और ओडीओपी पर आधारित इस कार्यशाला से लक्षित बिजनेस डायलॉग द्वारा जिले में औद्योगिक विकास एवं रोजगार सृजन की संभावनाओं को लेकर चर्चा की गई। सांसद पटेल ने कहा कि वर्तमान सरकार उद्योगों को बढ़ावा देने और रोजगार के नए अवसर सृजित करने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। आकांक्षी जिले के तहत औद्योगिक विकास और स्थानीय युवाओं को उनके ही क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए राज्य स्तर पर निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उद्योगों के सामने आ रही वर्तमान बाधाओं और समस्याओं को समन्वय के माध्यम से प्राथमिकता से निराकृत किया जाएगा। सरकार का मुख्य लक्ष्य स्थानीय कौशल को पहचान कर उसे मुख्यधारा के रोजगार से जोड़ना है।

कलेक्टर सिंह ने जिले की औद्योगिक संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिले की भौगोलिक स्थिति और लॉजिस्टिक्स सुलभता इसे उद्योग एवं निवेश के लिए एक आदर्श केंद्र बनाती है। एमएसएमई विभाग के संयुक्त संचालक उद्योग एसएस मंडलोई ने एमएसएमई नीति 2025 के तहत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग ने मिलने वाले अनुदान और प्रोत्साहनों पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। भारतीय उद्योग परिसंघ के पंकज गोयल ने उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मकता और बाजार विस्तार के गुर सिखाए। साथ ही मध्यप्रदेश उद्योग नीति पर भी विचार सांझा किए। कार्यशाला में एक्सपोर्ट इम्पोर्ट बैंक मैनेजर इंदौर द्वारा वित्त और निर्यात सुविधा कर जानकारी दी गई। कार्यशाला में उपस्थित जिले के उद्यमियों, निवेशकों एवं औद्योगिक संगठन के प्रतिनिधियों ने भी संवाद में अपने विचार सांझा किए।

**इन्होंने किया सम्बोधित**

- सांसद, कलेक्टर एवं अन्य ने भी सम्बोधित किया।
- रेल्वाखुर्द में हुई कार्यशाला।

## आगामी त्यौहारों को लेकर हुई शांति समिति की बैठक



**बड़वानी, ( नवभारत )।** प्रभारी पुलिस अधीक्षक धीरज बब्बर निर्देशन में एवं एसडीओपी राजपुर आयुष कुमार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निवाली उप निरीक्षक रामकृष्ण लौवंशी द्वारा थाना निवाली परिसर में आगामी त्यौहार शिवाजी जयंती और रमजान के अवसर पर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

इस दौरान प्रस्तावित जुलूस के संबंध में विस्तृत जानकारी ली गई तथा शासन-प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया। 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए जुलूस के दौरान डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा तथा मस्जिद के सामने किसी भी तरह का गीत-संगीत नहीं बजाने के निर्देश दिए गए। जुलूस की समय-सारणी, मार्ग एवं व्यवस्था के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए गए। उक्त बैठक में कस्बे के वरिष्ठ नागरिक, शांति समिति के सदस्य, महाराष्ट्रीयन समाज के प्रतिनिधि, नायब तहसीलदार अर्चना गिरवाल, थाना प्रभारी, थाना स्टॉफ एवं सदस्य उपस्थित थे।

## भक्तिभाव से मनाई वीर एकलव्य जयंती

### सामाजिक कार्यकर्ता एवं वक्ताओं ने व्यक्त किए अपने विचार

**पानसेमल, ( नवभारत )।** नगर एवं ग्राम खड़की में वीर एकलव्य जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत क्रांतिकारियों के चित्रों पर माल्यार्पण के साथ हुई, इसके बाद श्रद्धांजलि अर्पित की।



सामाजिक कार्यकर्ता एवं वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए युवाओं को नशे से दूर रहने। शिक्षा ग्रहण करने, सामाजिक एकता, संगठन एवं स्वाभिमान के महत्व पर जोर दिया। साथ ही सभी को पूर्वजों की जीवन शैली एवं जीवन मूल्यों पर चलने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में जयस के संस्थापक विक्रम अछालिया एवं थाना प्रभारी मंशाराम वगेन उपस्थित रहे। साथ ही भाजपा जिला उपाध्यक्ष राम सोनाने, किसान कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष महेश चौहान, जयस कार्यकर्ता सुरेश डुडवे, जयस जिला प्रभारी निलेश चौहान, किसान कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मयूर परमार, पार्षद प्रतिनिधि महेश गोले, जयस ब्लॉक अध्यक्ष भूपेंद्र खेड़कर, सुनील बरडे, सौरभ चौहान, राहुल खेड़कर, दीपक वाघ, विकास पवार, गोविंद ठाकरे, राहुल बाबरे, नितिन ठाकरे व युवा साथी एवं समाजजन उपस्थित थे।

## बीते 2 दिनों में सड़क हादसों में 2 दर्जन से अधिक घायल

**पानसेमल.** थाना क्षेत्र में रविवार और सोमवार का दिन सड़क हादसों का दिन रहा। अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में 25 से 30 लोग घायल हुए, जबकि एक 3 माह की मासूम बच्ची की मौत हो गई है। सोमवार रात्रि खेतिया सेंधवा स्टेट हाइवे पर हुए सड़क हादसे में 36 वर्ष के निलेश कटारे को गंभीर चोंट आई। जिनका प्राथमिक उपचार कर उन्हें रेफर किया है। पानसेमल क्षेत्र के जलगोन रोड़, खेतिया रोड़ सहित मौयदा, दौड़वाडा के निकट सड़क हादसों की संख्या बढ़ते जा रही है। जो कि क्षेत्रवासियों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है।सीएचसी पर मौजूद डॉक्टर अमृत बमनके ने घायलों के आंकड़े जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार को हादसे में घायल निलेश कटारे को गंभीर चोट आई थी। जिसे रेफर किया है। क्षेत्र में हुए हादसों के दौरान महिलाओं सहित युवा घायल हुए हैं।



## शिवाजी जयंती पर निकलेगी शोभायात्रा





**नवभारत न्यूज़**
**निवाली, 19 फरवरी.** नगर में महाराष्ट्रीयन समाज द्वारा शिवाजी जयंती आज धूमधाम से मनाई जाएगी। 18 फरवरी से ही नगर भगवा मय हो गया है। घोड़े पर सवार होकर शिवाजी नगर भ्रमण पर निकलेंगे। महाराष्ट्रीयन समाज के अध्यक्ष गणेश शितोले ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 19 फरवरी को धूमधाम से महाराष्ट्रीयन वेश भूषा धारण कर घोड़े पर शिवाजी को बैठाकर नगर भ्रमण कराया जाएगा। शिवाजी जयंती को लेकर समाजजनों ने निर्णय लिया कि अपने प्रतिष्ठान बंद कर चल समारोह में शामिल होंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष गणेश शितोले, उपाध्यक्ष आनंद निकवाडे, मोहन निकुम, दिगम्बर मंडे, रूपचंद दादा, प्रभाकर सेंदने, सचिन शितोले, पुरुषोत्तम वर्षाले, जितेंद्र मंडे, गणेश साबले, सुरेश शिंदे, नितिन शितोले, मनोहर निकुम, अरुण जगताप, मधुकर अहीरे, बाबूलाल अहीरे, मुकेश जोगी ने बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर नगर में शिवाजी का विशाल शोभायात्रा निकाली जा रही है।

**समाजजन हुए शामिल**

नगर के महाराष्ट्रीयन समाज के सैकड़ों लोग विशाल शोभायात्रा में शामिल होंगे।

### एक नजर में

#### एआई+ के नोवापॉड्स और नोवावॉच की लांचिंग 24 को

**इंदौर.** एआई प्लस ने 24 फरवरी को अपने नए एआईओटी लाइनअप नोवापॉड्स (गो, प्रो, क्लिप्स) और नोवावॉच (एक्टिव, किड्स 4जी, वेयरबड्स) के ऑफिशियल लॉन्च की तारीख कन्फर्म की. ये साथ मिलकर एआई प्लस के कनेक्टेड इकोसिस्टम का अगला कदम हैं- ऐसे डिवाइस जो दिखने में स्टाइलिश हों, काम में स्मूथ हों, और रोजमर्रा के अनुभव को सच में बेहतर बनाएं. इसके पीछे एक सीधा वादा है- हैशटैग ऐड ए प्लस. एआई प्लस स्मार्टफोन के फाउंडर और सीईओ माधव सेठ ने कहा लोगों को ज्यादा डिवाइस नहीं चाहिए. उन्हें कम झंझट चाहिए. नोवापॉड्स और नोवावॉच को इस तरह डिजाइन किया गया है कि ये असली रुटीन में आसानी से फिट हो जाएं- कॉल, म्यूजिक, वेलनेस, फैमिली सेफ्टी, बिना किसी एक्स्ट्रा जटिलता के. एआई प्लस सोच समझकर आगे बढ़ रहा है, और पूरे भरोसे के साथ. नोवापॉड्स लाइनअप तीन अलग अलग लिसनिंग स्टाइल लेकर आता है, जो फैशन फॉरवर्ड टेक, कंफर्ट और वैल्यू को ध्यान में रखकर डिजाइन किए गए हैं.

#### 'कोटक सिग्नेचर लेगेसी' प्लॉन लॉन्च

**इंदौर.** कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (कोटक लाइफ) ने 'कोटक सिग्नेचर लेगेसी' प्लान लॉन्च करने की घोषणा की, यह एक ऐसा लाइफ टर्म प्लान है जो आपको 99 साल की उम्र तक बढ़ता हुआ लाइफ कवर देता है; यह लोगों को अपने परिवार की लंबे समय की फाइनेंशियल सिक्योरिटी को मजबूत करने और एक स्थायी विरासत बनाने में मदद करता है. कोटक लाइफ के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री महेश बालासुब्रमण्यम ने कहा, कोटक लाइफ में हमारा वादा है कि हम ऐसे प्रोडक्ट्स बनाएं और डिलीवर करें जो सच में हमारे कस्टमर्स की बदलती जरूरतों को पूरा करे. 'कोटक सिग्नेचर लेगेसी' लोगों को एक ऐसे प्लान के साथ अपनी बढ़ती सुरक्षा जरूरतों को मजबूत करने में मदद करता है जो उनकी जिंदगी के सफर के साथ लगातार आगे बढ़ता है. हमारा मानना है कि यह प्रोडक्ट परिवारों को भरोसे और मन की शांति के साथ लंबे समय तक चलने वाली फाइनेंशियल सिक्योरिटी पाने में अहम भूमिका निभाएगा.

#### आरआर काबेल ने घोषित किए काबेल स्टार सीजन 4 के विजेता

**इंदौर.** वायर एवं केबल निर्माता कंपनी आरआर काबेल ने इंदौर में अपने काबेल स्टार छात्रवृत्ति कार्यक्रम 2025 के विजेताओं की घोषणा की. यह छात्रवृत्ति कार्यक्रम खासतौर पर उन इलेक्ट्रिशियनों के बच्चों के लिए बनाया गया है जिन्होंने इस वर्ष अपनी 10वीं की परीक्षा सफलतापूर्वक पूरी की है. अब तक पूरे देश में लगभग 4000 छात्रों को प्रत्येक को 10,000 की छात्रवृत्ति मिल चुकी है. इस बार चौथे सीज़न में अभूतपूर्व संख्या में आवेदन आए। देशभर के लगभग 1,000 विजेताओं में से इंदौर के 5 विजेताओं को सम्मानित किया गया. आरआर ग्लोबल की डायरेक्टर कीर्ति काबरा ने कहा आरआर काबेल में हमारे काबेल दोस्त हमेशा हमारे सफर की नींव रहे हैं, सिर्फ बिज़नेस पार्टनर नहीं. काबेल स्टार छात्रवृत्ति कार्यक्रम के ज़रिए हम केवल आर्थिक मदद ही नहीं, बल्कि ऐसी संभावनाओं के द्वार खोल रहे हैं जो आने वाली पीढ़ियों की ज़िंदगी बदल सकते हैं. हर बच्चा जो बड़े सपने देखता है, उसे उन्हें पूरा करने का अवसर मिलना चाहिए.

#### एडब्लूएस और योटा डेटा सर्विसेज ने सहयोग किया

**इंदौर.** अमेज़न वेब सर्विसेज़ इंडिया प्राईवेट लिमिटेड (एडब्लूएस इंडिया) नेशनल इन्फॉर्मेटिक्स सेंटर (एनआईसी) के मेघराज 2.0 अभियान के लिए एडब्लूएस आउटपोस्ट स्थापित करने के लिए योटा डेटा सर्विसेज़ के साथ मिलकर काम करेगा. इस पहल द्वारा सरकारी विभाग डेटा रेसिडेंसी एवं सिक्योरिटी के लिए एडब्लूएस सेवाओं और जनरेटिव एआई क्षमताओं का उपयोग कर सकेंगे. संदीप दत्ता, प्रेसिडेंट, एडब्लूएस इंडिया और साउथ एशिया ने बताया कि योटा के साथ यह तालमेल भारत सरकार के डिजिटल परिवर्तन के लक्ष्य में योगदान देने की एडब्लूएस की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है. एनआईसी मेघराज 2.0 के लिए एडब्लूएस आउटपोस्ट लागू करके हम सरकारी विभागों को हमारी क्लाउड सेवाओं और जनरेटिव ए.आई क्षमताओं का उपयोग करने की पूरी क्षमता भी प्रदान कर रहे हैं और सेंसिटिव वर्कलोड की जरूरतों को भी पूरा कर रहे हैं.

#### अमेजन के वैलेंटाइन डे स्टोर के साथ प्यार का जश्न मनाएं

**इंदौर.** अमेजन.इन अपने विशेष रूप से तैयार किए गए वेलेंटाइन डे स्टोर की मदद से आपके वैलेंटाइन डे के जश्न को और भी हसीन बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है. रोमांटिक सरप्राइज़ और सेल्फ-केयर ट्रीट से लेकर दोस्ती के जश्न और समझदार प्रयास तक, अमेजन.इन आप सभी के जश्न को आसान बनाता है.

## जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप पीएम परिवार के पदाधिकारियों ने ली शपथ

### पीड़ित मानवता की सेवा के लिए कैंसर ट्रस्ट को वाहन के लिए सहायता राशि भेंट

**इंदौर. जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप पीएम परिवार की नई कार्यकारिणी का शपथ विधि समारोह जिला पंचायत के सीईओ सिद्धार्थ जैन, समाजसेवी जयसिंह जैन, वरिष्ठ समाजसेवी पारसमल कटारिया एवं अशोक कुमार चौरड़िया के आतिथ्य में जीवन से जुड़े पांच अनूठे संकल्पों के साथ मेहता सभागृह में सम्पन्न हुआ. अतिथियों ने कनेक्ट-26 के तहत पांच सूत्रों को अपनाने और अगले दो वर्षों के कार्यकाल में उन्हें मूर्त रूप देने की योजना की खुले मन से प्रशंसा की.**



अतिथियों ने कहा कि यह केवल शपथ विधि नहीं, समाज के लिए नई सोच, नई ऊर्जा और सकारात्मक दिशा का सशक्त शुभारम्भ है. समारोह में ग्रुप के नए अध्यक्ष नवीन-वर्षा जैन ने अपने परिजनों की स्मृति में कैंसर ट्रस्ट को एक वैन के लिए एक लाख रुपए की सहायता राशि भी भेंट की. यह वैन गाँव-गाँव जाकर कैंसर मरीजों की जांच एवं उपचार में सहयोग करेगी. प्रारंभ में ग्रुप के नए अध्यक्ष नवीन-वर्षा जैन, सचिव रवि-अंजलि बाफना, निलेश-नीति बाफना, प्रीतेश-अनिता जैन, प्रदीप-अनु जैन ने अतिथियों का स्वागत किया. इस अवसर पर ग्रुप के संरक्षक संजय नाहर, दिलीप सी. जैन, फेडरेशन अध्यक्ष जिनेश्वर जैन सहित शहर के विभिन्न संगठनों, फेडरेशन एवं रीजन के गणमान्य पदाधिकारी भी विशेष रूप से उपस्थित थे. डांस एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच इस गरिमापूर्ण समारोह में पांच अनूठे संकल्प भी लिए गए, कार्यक्रम में ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष कमलेश, तरुण, शैलेन्द्र, आशीष धारीवाल, बिंदिया मेहता एवं विकास हुंडिया भी मौजूद थे.

## तिरूपति बालाजी वेंकटेश देवस्थान का वार्षिकोत्सव आज से

- 19 को सजेगा भव्य पुष्प बंगला
- 20 को निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**इंदौर.** गुमाश्ता नगर स्थित श्री तिरूपति बालाजी वेंकटेश देवस्थान गुमाश्ता नगर का 29 वां तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव 18 फ़रवरी को प्रातः ध्वजारोहण एवं महाकलशाभिषेक से प्रारंभ होगा. सभी आयोजन झालरिया पीठापति जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी घनश्यामाचार्य महाराज के पावन सानिध्य में संपन्न होंगे.




देवस्थान ट्रस्ट के ट्रस्टी पुरूषोत्तम पसारी व लक्ष्मण पटवा ने बताया कि 29 वें वार्षिकोत्सव का शुभारंभ 18 फ़रवरी को प्रातः 8.30 बजे ध्वजारोहण से होगा। प्रातः 9.30 अष्टोत्तरशत महाकलशाभिषेक का आयोजन मंदिर परिसर में धूमधाम से होगा. बलराम बजाज एवं कृष्ण मूंदड़ा ने बताया कि विभिन्न नदियों के पवित्र जल, दूध, दही, केसर, पंचामृत, आम, अनार, संतरा, अंगूर मौसंबी के रस तथा नारियल पानी के 1008 कलशों से भगवान का अनूठा श्रृंगार किया जाएगा. रात्रि 8 बजे भगवान वेंकटेश की सवारी मंदिर परिसर में भ्रमण करेगी. बाबू झंवर तथा बालकिशन भलिका ने बताया कि 19 फ़रवरी को भव्य पुष्प बंगला तथा छप्पन भोग दर्शन का मुख्य आयोजन संपन्न होगा. पुष्प बंगला सजाने के लिए वृन्दावन से विशेष कारीगर आए हैं जो भव्य पुष्प बंगला की तैयारी कर रहे हैं. ओमप्रकाश पसारी ने बताया कि 20 फ़रवरी को सायं 6 बजे मंदिर परिसर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें हाथी, घोड़े, बैंड, बाजे भजन मंडलियां शामिल रहेंगी। भगवान की उत्सव प्रतिमा एक भव्य श्रृंगारित रथ में विराजित रहेगी.

**एक नजर में** | आईआईएम इंदौर में अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का समापन

## जीवन के अनुभव उद्देश्यपूर्ण समस्या-समाधान की दृष्टि करते हैं प्रदान

**इंदौर. भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर ( आईआईएम इंदौर ) द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के युवा कार्य विभाग के समन्वय से आयोजित यूथ फॉर इम्पैक्टः सोशल इनोवेशन एंड इन्क्लूसिव लीडरशिप- एम्पावरिंग यूथ, ट्रांसफॉर्मिंग फ्यूचर्स अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस के दूसरे दिन युवा उद्यमिता, समावेशी नवाचार और उत्तरदायी नेतृत्व पर केंद्रित विचार-विमर्श, शैक्षणिक प्रस्तुतियाँ तथा सहयोगात्मक चर्चाएँ आयोजित की गई.**



स्वागत संबोधन में कॉन्फ्रेंस आयोजक आईआईएम इंदौर की प्रो. शिवानी शर्मा, ने युवाओं में उद्यमशील क्षमताओं को सुदृढ़ करने तथा ऐसे सक्षम पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया जो शैक्षणिक अधिगम को वास्तविक जीवन के प्रभाव से जोड़ सके. दूसरे दिन तीन प्रमुख सत्र आयोजित किए गए. पहला मुख्य व्याख्यान पोलितेक्निको दी मिलानो, इटली के प्रो. एंड्रिया सियानेसी द्वारा 'एंटरप्रेन्योरशिप इन द फैशन इंडस्ट्री' विषय पर दिया गया, जिसमें उन्होंने वैश्विक फैशन पारिस्थितिकी तंत्र के बदलते स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए सततता, नवाचार और उत्तरदायी मूल्य श्रृंखलाओं के महत्व को रेखांकित किया. उन्होंने सामाजिक नवाचार को आगे बढ़ाने में युवा उद्यमियों की बढ़ती भूमिका पर बल देते हुए कहा कि उनके जीवनानुभव उन्हें अधिक प्रामाणिक और उद्देश्यपूर्ण समस्या-समाधान की दृष्टि प्रदान करते हैं. यूनिवर्सिटी ऑफ बर्मिंघम, दुबई के प्रो. सनीश एडाचेरियन ने क्रास-नेशनल एंटरप्रेन्योरशिप, इन्क्लूसिव इनोवेशन विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए न्यायसंगत उद्यमशील पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण में अंतरराष्ट्रीय सहयोग, समावेशी व्यवसाय मॉडल और संस्थागत समर्थन की महत्ता पर प्रकाश डाला. दूसरे दिन यंग सोशल एंटरप्रेन्योरशिप विषय पर एक विचारोत्तेजक पैनल चर्चा भी आयोजित की गई, जिसमें यूनिपैड्स की संस्थापक गीता सोलंकी, नोवॉर्बिस इटस प्राइवेट लिमिटेड के हर्ष नीखरा तथा सरप्राइज़ समवन की संस्थापक पिंकी माहेश्वरी ने भाग लिया. सत्र का संचालन आईआईएम इंदौर के प्रो. पुण्यश्लोक द्विबेदी ने किया. समापन समारोह में आईआईएम इंदौर के निदेशक प्रो. हिमांशु राय द्वारा बेस्ट पेपर अवार्ड प्रदान किए गए. कांफ्रेंस संयोजक प्रो. श्रुति तिवारी ने आभार व्यक्त किया.

**शोध और व्यवहारिक अनुभव साझा किए**

अन्य आयोजित सत्रों में मौखिक और पोस्टर प्रस्तुतियों के माध्यम से शोधार्थियों और विशेषज्ञों ने अपने शोध और व्यवहारिक अनुभव साझा किए, जिससे समृद्ध शैक्षणिक संवाद और अंतर्विषयक विचार-विनिमय को प्रोत्साहन मिला. दिन का समापन अहमदाबाद विश्वविद्यालय के प्रो. रामाधर सिंह के मुख्य व्याख्यान से हुआ, जिसमें उन्होंने कहा कि परिपक्व नागरिकता निरंतर उत्तरदायित्व की भावना पर आधारित होती है, जहाँ व्यक्ति अपनी औपचारिक भूमिकाओं और नियमों से परे समाज के प्रति जवाबदेह बना रहता है. उन्होंने यह भी कहा कि नैतिक आचरण, आत्म-नियमन और पारस्परिक विश्वास जब दैनिक व्यवहार का हिस्सा बन जाते हैं, तभी मानवीय, न्यायपूर्ण और सामाजिक रूप से संवेदनशील संस्थाओं का निर्माण संभव होता है.